Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

Title: Issues relating to cruelty against animals.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पर्यावरण और वन मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्-ात करना चाहता हूं कि देश के विभिन्न स्थानों पर आज भी पशु और पक्षियों की बलि चढ़ाई जा रही है। आज के समय में जहां एक तरफ पशुओं के लिए क्रूरता अधिनियम बना हुआ है, उसके बाद भी धर्म के नाम पर पशुओं की बलि चढ़ाई जा रही है, पशुओं की क्रूरतापूर्वक हत्या हो रही है।

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि आज समय बदल चुका है। इस समय मानव के साथ-साथ पशु और पक्षी भी इन्वायर्नमैंट के लिए बहुत जरूरी हैं। लेकिन इस वजह से छः-सात हजार वन्य प्राणियों की जातियां खत्म हो गयी हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि चंद मदिरों में या जहां कहीं भी पशु और पक्षियों की बलि चढ़ाई जा रही हैं, वहां उनको रोका जाये।